संचिका सं०—e-gov/PFMS-05/2023(खंड)...4186.........................../

बिहार सरकार

वित्त विभाग

:: संकल्प ::

पटना, दिनांक—...06/05/2026...

विषयः— कोषागार एवं लेखा निदेशालय (वित्त विभाग) अंतर्गत साइबर कोषागार (Cyber Treasury) के गठन एवं इसके संचालन हेतु कुल 23 (तेईस) पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में।

व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा–निर्देश के आलोक में ई–कुबेर प्लेटफॉर्म, भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से केन्द्र प्रायोजित योजनाओं (Centrally Sponsored Scheme) की राशि को सही समय पर (Just In Time) जारी करने हेतु एस एन ए–स्पर्श (SNA-SPARSH) प्रक्रिया को संबंधित विभागों के लिए लागू किया गया है।

2. व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश के तहत एस एन ए–स्पर्श विपत्रों के लेखांकन हेतु एक पृथक कोषागार की स्थापना की जायेगी, जिसका नाम साइबर कोषागार (Cyber Treasury) होगा, जो एस एन ए–स्पर्श प्रणाली के तहत राज्य के संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों द्वारा भेजे गये विपत्रों के केन्द्रीकृत लेखांकन का कार्य करेगा।

3. राज्य द्वारा सम्यक विचारोपरान्त केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के लिए एस एन ए–स्पर्श प्रक्रिया के सफल क्रियान्वयन एवं एस एन ए–स्पर्श प्रणाली के तहत तैयार किये गये विपत्रों के पी०एफ०एम०एस० पोर्टल के माध्यम से पारित करने, अनुश्रवण करने एवं केन्द्रीकृत लेखांकन हेतु कोषागार एवं लेखा निदेशालय (वित्त विभाग) अंतर्गत साइबर कोषागार नाम से एक पृथक कोषागार का गठन करने का निर्णय लिया गया है ।

4. अतएव साइबर कोषागार हेतु 01 (एक) वरीय कोषागार पदाधिकारी (बिहार वित्तीय प्रशासन सेवा), 03 (तीन) सहायक कोषागार पदाधिकारी (बिहार वित्तीय प्रशासन सेवा), 01 (एक) प्रधान लिपिक, 05 (पाँच) उच्चवर्गीय लिपिक, 10 (दस) निम्नवर्गीय लिपिक एवं 03 (तीन) कार्यालय परिचारी के पद सृजन का निर्णय निम्नानुसार लिया गया है :—

क्र०सं०	पद का नाम	वेतन स्तर	पदों की संख्या
1	2	3	4
1.	वरीय कोषागार पदाधिकारी (बि०वि०प्र०से०)	वेतन स्तर—11	01

2.	सहायक कोषागार पदाधिकारी (बि०वि०प्र०से०)	वेतन स्तर–09	03
3.	प्रधान लिपिक	वेतन स्तर–06	01
4.	उच्चवर्गीय लिपिक	वेतन स्तर–04	05
5.	निम्नवर्गीय लिपिक	वेतन स्तर–02	10
6.	कार्यालय परिचारी	वेतन स्तर–01	03
			कुल–23

5. वरीय कोषागार पदाधिकारी/सहायक कोषागार पदाधिकारी के पद पर वित्त विभागान्तर्गत बिहार वित्तीय प्रशासन सेवा के पदाधिकारियों का पदस्थापन किया जायेगा। लिपिक एवं कार्यालय परिचारी के पद पर भी वित्त विभाग द्वारा पदस्थापन किया जायेगा। उक्त पदों पर सीधा नियंत्रण वित्त विभाग का होगा।

6. उक्त पदों के सृजन के फलस्वरूप अनुमानित वार्षिक व्यय ₹147,93,024/–(एक सौ सैतालीस लाख तिरानबे हजार चौबीस रूपये) मात्र होगी।

7. उक्त नवसृजित पदों के पदधारक का वेतन भुगतान, मांग सं०–12 के अंतर्गत मुख्य शीर्ष–2054–खजाना स्थापना विपत्र कोड–12–2054000970001 द्वारा किया जायेगा ।

8. अतः सम्यक् विचारोपरांत एस एन ए–स्पर्श से संबंधित कार्यों के निष्पादन हेतु कोषागार एवं लेखा निदेशालय (वित्त विभाग) अंतर्गत साइबर कोषागार (Cyber Treasury) के गठन एवं इसके संचालन हेतु कुल 23 (तेईस) पदों के सृजन हेतु दिनांक–29.04.2026 को संपन्न मंत्रिपरिषद् की बैठक में प्राप्त अनुमोदन के आलोक में स्वीकृति प्रदान की जाती है।

बिहार राजपाल के आदशे से,

(मुकेश कुमार लाल),
विशेष सचिव।

ज्ञापांक–e-gov/PFMS-05/2023(खंड) 4186 **पटना, दिनांक** 06/05/2026

प्रतिलिपिः–**महालेखाकार,** बिहार, पटना/**महाप्रबंधक**, भारतीय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, दक्षिणी गॉधी मैदान, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(मुकेश कुमार लाल),
विशेष सचिव।

ज्ञापांक–e-gov/PFMS-05/2023(खंड) 4186 पटना, दिनांक 06/05/2026

प्रतिलिपिः–**अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव**, सभी विभाग, बिहार, पटना/**विशेष सचिव**, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना/**सभी वरीय कोषागार पदाधिकारी**, बिहार एवं बिहार भवन, नई दिल्ली/**संयुक्त आयुक्त,** वित्तीय संसाधन समन्वय ईकाई कार्यालय, नई दिल्ली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(मुकेश कुमार लाल),
विशेष सचिव।

ज्ञापांक–e-gov/PFMS-05/2023(खंड) 4186 पटना, दिनांक 06/05/2026

प्रतिलिपिः–**माननीय उप मुख्य (वित्त) मंत्री के आप्त सचिव**/**अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव,** वित्त विभाग/**सचिव(व्यय)/सचिव(संसाधन) के आप्त सचिव,** वित्त विभाग/**विशेष सचिव के आप्त सचिव,** वित्त विभाग/**सिस्टम एनालिस्ट**, वित्त विभाग को वित्त विभाग के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु/**अवर सचिव**, प्रभारी ई–गजट शाखा को गजट में प्रकाशन हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(मुकेश कुमार लाल),
विशेष सचिव।